## सार-समाचार

### सड़क हादसे में बच्ची की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के बैकरिया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पुलिया की दिवाार से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे से बेलुन खुलने से चालक व पत्नी की जांच बच गई। जबकि एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार सवेरे बेकरिया थाना क्षेत्र पीण्डवाड़ा उदयपुर मार्ग पर स्थित पुलिया की दिवार से अनियंत्रित कार टकराने परक्षतिग्रस्त होगई। हादसे के दौरान बेलून खुलने से चालक सिरोही निवासी मृणाल व उसकी पत्नी श्रेया की जांच बच गई तथा पांच वर्षीय बच्चा कयान तथा तीन वर्षीय बच्ची अनाईता गंभीर घायल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी शंकरलाल राव मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां अनाईता की मौत हो गई । सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि सवेरे पिण्डवाड़ा से रोड़वेज बस उदयपुर आ रही थी। इस दौरान कार लेकर मृणाल भी पिण्डवाड़ा से उदयपुर आ रहा था। जहां घटना स्थल के समीप रोड़वेज बस को ओवरटेक करने के प्रयास में कार पुलिया की दिवार से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गई थी।

### हृदयाघात से युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में इंजिनियर की हृदयाघात से मौत हो गई। अन्यत्र सविनाथाना क्षेत्र में युवक की हृदयाघात से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरिदाबाद हरियाणा हॉल शहर के सुखेर थाना क्षेत्र चित्रकूट नगर निवासी विजय पुत्र यशपाल चौधरी की हृदयाघात से मौत हो गई। विजय अरर्वन स्क्वायर माल पर इंजिनियर पद पर काम करता था। बुधवार को हृदयाघात से उसकी मौत हो गई। इसका पता चलने पर साथी कर्मचारी उसे उपचार के लिए चिकत्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल भूपेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इसी तरह शहर के सविना थाना क्षेत्र गीतांजली हाईवे पर स्थित चाय का थेला लगाने वाले जगत कुराबड़ निवासी अर्जुनसिंह (21) पुत्र शंभूसिंह की हृदयाघात से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल लालचंद ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने आरोपी व परिजनों के खिलाफ धोखे से शादी कर नकदी व जेवरात हड़पने का मामला दर्ज किया। पुलिससे प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित पतलासा साबला डूंगरपुर निवासी महेन्दसिंह पुत्र तख्तसिंह सिसोदिया ने कोटड़ा निवासी दिलावर खां गांधी सेना कोटड़ानिवासी बिना कुवंर उसके पिता लाला भाई, काका रमेश व उसकी काकी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया । कि आरोपी दिलावर ने मुझे शादी करने के लिए लड़की दिखने को कहा था। इस पर उसने दिसंबर 20219 में लड़की दिखाई 51 हजाररूपये शगुन केदिए।1जुलाई 2020 को शादी कर लिखा पड़ी की तथा 3 लाख रूपये का भुगतान किया तथ सोने चांदी के जेवरात दिए। शादी करने के बाद आरोपी मीनाकुंवर ने परेशान करना शुरू कर झूठे मुकमदें में फंसाने की धमकी देकर मुझसे 1 लाख 50 हजार रूपये वसूसल लिए। 5 अप्रेल 2021 को आरोपी अपने पीहर गई उसके बाद नहीं आई। उससे संपर्क किया तो 1 लाख रूपये की मांग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### साउण्ड सिस्टम चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने अज्ञात चोरके खिलाफ साउण्ड सिस्टम चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित आसना का वादिया मेला बाउण्ड बदनोर निवासी मुकेश पुत्र गणपत लाल जोशी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 18 जनवरी रात में पीकअप वाहन में साण्ड व मशीन रख कर सेठ मस्जिद के सामने अम्बावगढ़ निवासी राजकुमार के मकान के बाहर खड़ा किया था। दूसरे दिन पार्टी के वहां जाने के लिए पीकअप वाहन लेने पहुंचा। तो देखाकि वाहन से साण्ड सिस्टम व मशीन गायब थी। जिसकी इधर उधर तलाश कर पड़ताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### एटीएम से नकदी निकाली

**उदयपुर, (कासं)।** अम्बामाता थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एटीएम कार्ड बदल कर पीड़ित के खाते से नकदी निकालने का मामला दर्ज किया। पीड़ित डी ब्लॉक निवासी मोहम्मद उस्मान पुत्र मोहम्मद नूर खां ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया । कि मैं17जनवरी को मल्लातलाई स्थित एसबीआई एटीएम पर रूपये निकालने के लिए गया था। जहां पर मशीन काम नहीं कर रही थी। इसको देख मदद के लिए आगे आए अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम बदल कर नकदी निकालने का प्रयास किया। नकदी नहीं निकलने पर चला गया। कुछ ही देर बाद एटीएम से 75 हजाररूपये नकदी निकालने का मेसेज मिलने पर प्मामला दर्ज करवाया।

### आत्महत्या हेतु प्रेरित करने का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** परेशान करने से किशोरी द्वारा आत्महत्या करने पर उसके पिता ने आरोपी के खिलाफ पुत्री को आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल थाना क्षेत्र वाघपुरा गांव निवासी सज्जन पुत्री फूलचंद ने 18 जनवरी को अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर दी थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया था। इस मामले में परिजनों द्वारा की गई पड़ताल में सागवाड़ा बावलवाड़ा निवासी रामचन्द्र के खिलाफ परेशान करने से पुत्री द्वारा आत्महत्या करने की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। बाठेड़ा खुर्द कुराबड़ हॉल शहर के हिरणमगरी सेक्टर तीन निवासी राजेश पुत्र पृथ्वीराज जोशी ने अपने कमरें में फांसी लगा ली। राजेश रिलाईन्स कंपनी में काम करता था एवं बुधवार को ड्यूटी पर नहीं गया था। सांय आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर, एएसआई हमेरलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक को निचे उतार एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवा परिजनों को हादसे की सूचना दी। गुरूवार को मुम्बई से परिजनों के आने पर एएसआई हमेरलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

### राजकार्य बाधा का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** विद्युत कनेक्शन काटने का विरोध कर हंगामा करने वाले के खिलाफ पुलिस ने राजकार्य में बाधा प्रकरण दर्ज करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी सारपेटा थाना चौथ बरवाड़ासवाई माधोपुर हॉल वाघपुरा विद्युत विभाग फिडर इंचार्ज हेमराज पुत्र रामफूल ने वाघपुरा निवासी मोहित पुत्र पन्नालाल शर्मा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि बकाया विद्युत बील जमा नहीं होने पर विभाग की टीम ने आरोपी का विद्युत कनेक्शन काट दिया था। इससे नाराजा होकर आरोपी ने कार्यालय पहुंच कर हगामा कर विरोध किया था।

### दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** अपहरण का महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रोमी नाथ उर्फ रोमा कालबेलिया, मुकश कालबेलिया, दिनेश उर्पु समुरा व उसकी पत्नी गंगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया । कि 18 जनवरी को घर आए आरोपी अपहरण कर ले गए। जहां एक कमरें ले जाकर रोमा ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी की बहन युवक की पत्नी के रूप में उसके साथ रह रही थी। एवं पीड़िता युवक की बहन के रूप में रह रही थी। इस दौरान आरोपी उसे लेने गए। जहां उसने दुष्कर्म किया।

### रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** बजरंग सेना मेवाड एवं सिंधु सेवा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में शहीद हेमू कालानी बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान महादान कार्यक्रम को प्रेरित करने के लिए आज मेवाड राज परिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड द्वारा रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया।

# तीन दिवसीय उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का आगाज से

- सूचना केन्द्र में पुस्तक विमोचन, फोटोग्राफी व डाक टिकट प्रदर्शनी
- विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन होगा

**उदयपुर, (कासं)।** कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत वन विभाग, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ व ग्रीन पीपल सोसायटी के तत्वावधान में उदयपुर बर्ड फेस्टिवल 2021-22 का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। फेस्टिवल का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को होगा।

उप वन संरक्षक अजीत ऊंचोई ने बताया कि बर्ड फेस्टिवल के शुभारंभ अवसर पर आज सुबह 10 बजे सूचना केंद्र में बर्ड फेस्टिवल संबंधी पुस्तक विमोचन किया जाएगा तथा फोटोग्राफी व डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर में स्कूली विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसकी प्रविष्ठियां व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त की जाएंगी। बर्ड फेस्टिवल के तहत 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से ऑनलाइन नेचर लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन होगा वहीं ऑनलाइन कार्यक्रम के तहत पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप जोशी, शरद अग्रवाल, रजत चोर्डिया व कनिष्क कोठारी द्वारा पिछले 7 वर्षों का अनुभव साझा किया जाएगा। फेस्टिवल का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन आयोजित होगा। उप वन संरक्षक ने बताया कि गुरुवार को उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के तहत बर्ड रेस का आयोजन हुआ। वन भवन चेतक सर्कल कार्यालय में बर्ड रेस की 3 टीमों का गठन किया गया। पक्षी विशेषज्ञ देवेंद्र मिस्त्री, विधान द्विवेदी, भानु प्रताप सिंह, अनिल रोजर्स, लोकेश तलेसरा, कमल वरयानी, कनिष्क कोठारी आदि की तीन टीमों ने सुबह बर्ड रेस के लिये प्रस्थान किया। उदयपुर शहर के आसपास 50 किमी की दूरी पर विभिन्न क्षेत्रों एवं जलाशयों यथा वल्लभनगर, जोरजी का खेडा, बडवई, मेनार, मंगलवाड, गुलाबबाग, पिछोला, नगावली, किशन करेरी एवं रुंडेडा पर विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों की गणना कर शाम को इसकी रिपोर्ट वन विभाग के संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत की गई।




# राज्य की खनन नीति देश में मिसाल बनेगी : प्रमोद जैन भाया

- खान, पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया ने ली संभाग स्तरीय बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** खान, पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया गुरुवार को उदयपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। उन्होंने मादडी स्थित उदयपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सभागार में उदयपुर संभाग के माइंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में जल्द आने वाली राज्य की खनन नीति को लेकर खनन व्यवसाय से जुडे लोगों के सुझाव और प्रस्ताव मांगे गए।

खान मंत्री ने कहा कि प्रकृति ने उदयपुर के साथ पूरे राजस्थान में अथाह खनिज संपदा दी है। उदयपुर संभाग में लाइमस्टोन, सिलिका, मार्बल ग्रेनाइट, रॉक फास्फेट, चांदी आदि की प्रचुर संभावनाएं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की भावना के अनुरूप हम प्रकृति का बेलेंस बनाकर पर्यावरण संरक्षण का बनाए रखते हुए खनिज का अधिक से अधिक उपयोग कर सके, रोजगार बढे, व्यवसाय को बढावा मिले और राजस्व की प्राप्ति हो।

उन्होंने कहा कि सबका प्रयास हो कि मौजूद खनिज सम्पदा का समुचित उपयोग हो सकें। हमारी माइनिंग पॉलिसी में खनन व्यवसायियों की भावनाओं का पूरी तरह समावेश करने का प्रयास किया जाएगा। नियम-कायदों से हम सभी बंधे हुए हैं, नियमों के तहत खनन उद्योगों को जो भी रियायत या नियमों में छूट मिल सकती है, दी जाएगी। हमारा प्रयास है कि हमारी माइनिंग पॉलिसी पूरे देश में नंबर वन बन सके। उन्होंने बताया कि नई खनन नीति के तहत हर संभाग में मिनरल की स्थिति व उपलब्धता के संबंध में चर्चा करने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है जिसमें संबंधित पदाधिकारियों से रुबरु हो, सीधा संवाद हो और जो परेशानियां आ रही है उनका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

बैठक में राज्य सरकार की कोविड गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करते हुए नवीन खनिज नीति के संबंध में सुझाव आमंत्रित करने व क्षेत्र में खनन संबंधित व्यापारिक व वैधानिक कठिनाइयों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त निदेशक खान निदेशालय एवं भूविज्ञान विभाग एन. के कोठारी, अतिरिक्त निदेशक महेश माथुर, यूसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और माइनिंग सब-कमेटी के चेयरमैन मांगीलाल लूणावत सहित खनन उद्योग से जुडे अन्य व्यवसायी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, राजसमंद, प्रतापगढ और चित्तौडगढ से आए माइंस एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मंत्री को नई खनन नीति के संबंध में लीज अवधि को बढाने, डंपिंग यार्ड की व्यवस्था, स्टाम्प ड्यूटी कम करने, स्थानीय खनिज को बढावा देने जैसे सुझाव दिए गए।

खनन व्यवसाय से जुडे लोगों ने एम सेण्ड पॉलिसी बनाने के लिए राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। इससे पहले खान निदेशक डॉ. के. बी. पण्ड्या ने विभागीय गतिविधियों और कार्यक्रमों की प्रगति से खान मंत्री को अवगत कराया। पण्ड्या ने बताया कि अवैध खनन रोकने के लिए विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा है।

अवैध खनन/ निर्गमन की रोकथाम के लिए वित्तीय वर्ष 2020०-21 व वित्तीय वर्ष 2021-22 ( 31 दिसम्बर 2021 तक) कुल 42 मामलों में एफआईआर दर्ज हुई है और 654.50० लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। एमनेस्टी योजना 2020०-21 के तहत संभाग में 328 प्रकरणों का निस्तारण कर 677.14 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया।

# 101 वर्षीय बुजुर्ग महिला को पेसमेकर लगाया

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में पहली बार पारस जेके अस्पताल में 101 वर्षीय महिला को पेसमेकर लगाकर नया जीवन दिया गया। राजस्थान में ऐसा ये पहला केस दर्ज हुआ है जहां इतनी अधिक आयु में किसी मरीज को पेसमेकर लगाया गया हो जो कि खुद में एक बहुत बडा चुनौतिपूर्ण था। जिसे पारस जेके हॉस्पिटल के डायरेक्टर एंड हेड- कार्डियोलॉजी डॉ अमित खंडेलवाल ने कुशलतापूर्वक इम्प्लांट किया। बुजुर्ग महिला अब पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल डिस्चार्ज भी कर दिया गया है।उम्रदराज लोगो मे पेसमेकर लगाने का देश का यह तीसरा रिपोर्टेड केस है। डॉ अमित खंडेलवाल ने बताया कि ये बुजुर्ग महिला पिछले सप्ताह अस्पातल आई थीं। उनकी आंखों के आगे अंधेरा छा रहा था, घबराहट, चक्कर और उल्टी आ रही थी। हमने उनकी हार्ट रेट चेक की जो कि 36 प्रति मिनट थी, बीपी 140/90 था। वहीं ईसीजी में हार्ट रिद्म में कंप्लीट हार्ट ब्लाक निकला था यानि उनके नेचुरल पेसमेकर ने काम करना बंद कर दिया था। उन्हें तुरंत हम कैथेलेब ले गए, जहां उन्हें पहले टेम्परारी पेसमेकर लगाया गया। दूसरे दिन टेम्परारी पेसमेकर निकाल परमानेंट पेसमेकर लगा दिया गया।

## सार-समाचार

### शक्तावत की पुण्यतिथि पर फल व मास्क वितरित

**उदयपुर, (कासं)।** वल्लभनगर के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव गजेंद्र सिंह शक्तावत की प्रथम पुण्यतिथि पर गुरूवार को निवर्तमान कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकज शर्मा के नेतृत्व में आशीर्वाद नगर स्थित कच्ची बस्ती में बच्चों को फल, बिस्किट, मास्क एवं सैनिटाइजर का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत शक्तावत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान भगवान सोनी, संदीप गर्ग, काजल गमेती, पूजा गमेती, मानसी मीणा, परी, पालीनी कटारा, कमलेश मेघवाल, विक्रम मीणा, हेमंत स्वामी और जलदीप स्वामी मौजूद थे।

### कलेक्टर ताराचंद मीणा का स्वागत

**उदयपुर, (कासं)।** नारायण सेवा संस्थान के प्रतिनिधि मण्डल नें अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल के अगुवाई में नवागन्तुक जिला कलेक्टर ताराचन्द मीणा व पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार चौधरी का स्वागत किया। उन्हें संस्थान के सेवा प्रकल्पों से अवगत कराते हुए अग्रवाल ने संस्थान अवलोकन का आग्रह किया। जिला कलेक्टर मीणा ने संस्थान द्वारा विभिन्न जिलों में पूर्व में लगाए गए दिव्यांग सहायता शिविरों में अपनी सहभागिता का जिक्र करते हुए कहा कि संस्थान दिव्यांगों एवं निराश्रितों की सेवा के अच्छे कार्य कर रहा है। प्रतिनिधि मण्डल में विष्णु शर्मा हितेषी, भगवान प्रसाद गौड और मनीष परिहार शामिल थे।

### विद्यालय में पानी की मोटर लगवाई

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बगुरूवा की कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका श्रीमती महिमा अग्रवाल वरिष्ठ अध्यापिका अंग्रेजी ने गुरूवार को स्वयं की 15000 की राशि से पानी की समरसिबल मोटर विद्यालय को भेंट की। जिससे विद्यालय में पीने के पानी के लिए जल सुलभ हो जाएगा। कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका महिमा अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर नवल सिस्टर, घनश्याम सोनी स्टाफ नीतू सिंह, जमनालाल, रूपलाल, ग्रामीवासी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### खान मंत्री आज लेंगे समीक्षा बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** खान, पेट्रोलियम एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया अपने उदयपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार दोपहर 12 बजे खान विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे। वे दोपहर 1 बजे मीरा मार्ग, मधुबन स्थित आरएसएमएम लि. में राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड की समीक्षा बैठक लेंगे तथा अपराह्न 3 बजे चेतक सर्कल स्थित बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में उदयपुर संभाग के गौशाला प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री जैन शाम 5 बजे राजकीय वाहन से बारां के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# बांसवाड़ा में हत्या के प्रकरण का 72 घंटे में खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- क्राईम पेट्रोल देखकर बना क्रिमिनल, अपने ही दोस्त की जान ली

**बांसवाड़ा,(निसं)।** पुलिस ने हत्या कर शव माही नदी में डालने के प्रकरण का 72 घंटों में खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि 16 जनवरी को अज्ञात युवक का शव पुलिस थाना अरथूना में बांसवाडा-डूंगरपुर की सीमा पर गलियाकोट के पास नदी में मिला। शव के मुंह पर सफेद ऐडहेसिव टेप लपटी हुई थी वहीं दोनों हाथ सफेद मफलर व सफेद ऐडहेसिव टेप से बंधे हुए मिले। युवक के शव पर गंभीर चोटें भी पायी गयी। 16 जनवरी को अपराह्न लगभग तीन बजे पुलिस थाना चितरी के एसएचओ अरथूना थाने को सारणपुर गांव की सीमा में माही नदी के किनारे पानी में अज्ञात शव तैरने की जानकारी दी। जिस पर अरथूना थाने के एएसआई बलवंत सिंह मय जाप्ते के सारणपुर गलियाकोट माही बैक वाटर पर पहुंचे एवं शव को बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना व पुलिस उप अधीक्षक सूर्यसिंह राठौड भी मौके पर पहुंचे। एफएसएल यूनिट प्रभारी ने मौके पर पहुंच मृतक की लाश व घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतक के सिर, गले, दाहिने तरफ छाती के ऊपर व दाढी पर चोटें होना पाया गया। प्रथम दृष्टया मामला अज्ञात युवक की हत्या का पाये जाने पर अरथूना थाने में हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान अरथूना थानाधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा आरंभ किया गया। मृतक के शव को महात्मा गांधी चिकित्सालय की मोर्चरी में डिफ्रीज में रखवाया गया। पुलिस टीमों ने सारणपुर, कुशलकोट, गलियाकोट, डूंगरपुर, प्रतापगढ, उदयपुर, गुजरात व आस-पास के क्षेत्रों में अज्ञात मृतक की लाश की शिनाख्ती के प्रयास किये।

पुलिस उप अधीक्षक सूर्यसिंह के नेतृत्व में तकनीकि एवं आसूचना संकलन के आधार पर टीमों को ज्ञात हुआ कि मृतक को 15 जनवरी को अंतिम बार गढी बस-स्टेण्ड पर भाविक पुत्र रमणलाल यादव निवासी बोरी थाना गढी के साथ देखा गया था। प्रथम टीम ने त्वरित कार्य कर भाविक यादव को डिटेन किया जिससे गहन पूछताछ पर उसने शंकर पुत्र लक्ष्मण यादव निवासी बोरी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। जिस पर द्वितीय टीम ने कार्यवाही करते हुए शंकर यादव को दस्तयाब किया। पूछताछ में शंकर यादव ने भाविक के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। अभियुक्त भाविक ने बताया कि वह मृतक योगेश पाटीदार के साथ कक्षा 12वी में सीनियर सैकण्डरी स्कूल परतापुर में पढा हुआ है एवं दोनों की अच्छी मित्रता थी। अभियुक्त ने बताया कि वह गत लगभग तीन साल से ड्रग्स का नशा करता है जिसके कारण उसके परिजनों ने उसे नशामुक्ति केन्द्र उदयपुर में भी रखा लेकिन ड्रग्स की लत के कारण उसने अपने दोस्तों व मिलने वालों से काफी रुपया उधार ले रखा था। अभियुक्त ने बताया कि मृतक योगेश पाटीदार संपन्न परिवार का लडका था एवं सरकारी नौकरी पाना चाहता था। भाविक ने बताया कि उसने टीवी सीरियल क्राईम पेट्रोल के कईं सीरियल देखे और उससे आईडिया लेकर शंकर के साथ षड्यंत्र रचकर भाविक ने योगेश को झांसा दिया कि वह उसकी वन विभाग में वनपाल के पद पर सरकारी नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसे रुपये देने पडेंगे और साथ में जयपुर जाना पडेगा। योगेश ने अपने दोस्त की बात पर विश्वास करते हुए अपने पिता से 15 जनवरी को 45 हजार रुपये लिये और अपने बैग में एक जोडी कपडे लेकर गढी बस-स्टेण्ड आ गया। जहां योजना के अनुसार भाविक व शंकर ने योगेश को अपने साथ मोटर साईकिल पर बिठा लिया। बोरी के पास गमलेश्वर महादेव मंदिर के पास एक कोटडी में लेकर जाकर योगेश को गंभीर चोटे पहुंचाकर उसके मुंह व हाथ ऐडहेसिव टेप से बांध कर हत्या कर दी और उससे रुपये, मोबाईल, बैग, जूते लूटकर अपने कब्जे में ले लिये और योगेश के शव को गलियाकोट पुल से माही नदी में फेंक दिया। इसके पश्चात् लूटी हुई रकम का बंटवारा कर शंकर यादव को 13 हजार रुपये दिये व शेष रुपये, मृतक का मोबाईल भाविक ने अपने पास रख लिया। मृतक के कपडों का बैग व जूते शंकर यादव अपने साथ ले गया। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने बताया कि मामले में भाविक पुत्र रमणलाल यादव उम्र 19 वर्ष एवं शंकर पुत्र लक्ष्मण यादव उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी बोरी को योगेश पाटीदार की हत्या व लूट के प्रकरण में गिरफतार कर लिया है।

# 70 लोगों का टीका लगाया

**उदयपुर, (कासं)।** मदद वेलफेयर सोसाइटी एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में निः शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। सोसाइटी के मुस्तफा शेख ने बताया कि 185 मरीजों ने मोसमी बीमारियों के ईलाज का लाभ उठाया एवं 70 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया

**Public Notice**

Notice is here by given that the share certificates no's 67009,67010, 87452, 87453 for 200 equity shares bearing distinctive no(s)2810959-2811008, 2811009-2811058, 3536089-3536138, 3536139-3536188 covered under folio number R0992556 of Amal Ltd standing in the name(s) of Chanchal Devi Dadhich w/o Ramchandra Dadhich have been reported lost/stolen and that an application for issue of Duplicate Certificate (s) in respect there of has been made to the company's invester service centre, Link Intime India Pvt. Ltd, C 101, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai, Maharashtra, 400083 to whom objection, If any, against issuance of such duplicate share certificate (s) should be made within 15 days from the date of publication of this notice. The public are cautioned against dealing in any way with these shares.

**उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.**

गोवर्धन विलास, उदयपुर, फोन : 0294-2640258, 2640188

फेक्स: 0294-2641754 इमेल: saras@milkunionudaipur.com

क्रमांकः-उडे/विपणन/21-22/4306 दिनांक 20.01.2022

**सरस बूथ आवटंन हेतु लॉटरी -सूचना**

सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि सरस बूथ आवंटन हेतु जारी विज्ञप्ति क्रमांक 2376 दिनांक 23.09.2021 व 3540 दिनांक 06.12.2021 के क्रम में प्राप्त आवेदको का चयन लॉटरी द्वारा किया जावेगा। बूथ आवंटन लॉटरी दिनांक 24.01.2022 प्रातः 9.30 बजे सुखाडिया रग मंच सभागार, नगर निगम,उदयपुर के सभा कक्ष में निकाली जायेगी। अतः सभी से अनुरोध है कि 15 मिनिट पहले पधारने का कष्ट करावें।

प्रबन्ध संचालक

SHIVA

# संस्था विश्व स्तर पर पहचान बनाने की ओर अग्रसर : प्रो. सारंगदेवोत

- विद्यापीठ को यूनिवर्सिटी ऑफ द इयर 2021 का सम्मान
- यह सम्मान विद्यापीठ को समाज और शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान के लिए दिया गया

**उदयपुर, (कासं)।** द अकेडमिक इनसाइट्स द्वारा 2021 का यूनिवर्सिटी ऑफ द इयर का सम्मान जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि को प्रदान किया गया है।

यह सम्मान विद्यापीठ को समाज और शैक्षणिक गतिविधियों में सराहनीय योगदान हेतु दिया गया। कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि संस्थापक जनुभाई द्वारा 1937 में स्थापित संस्था ने कई नये कीर्तिमान स्थापित किया है। हम सभी का सपना इस संस्था को विश्व पटल पर अपनी एक अलग पहचान दिलाने का है जिस हेतु सभी कार्यकर्ता अपनी बेहतरीन दक्षता के साथ कार्यरत हैं। वंचित व आदिवासी वर्ग को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के लिए स्थापित इस संस्था ने वंचित वर्ग को सुलभ चिकित्सा सुविधा मिले इस ओर भी अपने प्रयास तेज कर दिए है और डबोक परिसर में 13 करोड की लागत से बने 120 बेड वाले हॉस्पिटल का निर्माण भी किया गया हैए जिससे डबोक क्षेत्र व उसके आसपास के आमजन लाभान्वित होंगे। इस तरह की विशिष्ट गतिविधियों के प्रतिफल ही विद्यापीठ को इस तरह के उच्च स्तर के सम्मान प्राप्त हो रहे हैं। यूनी रेंक और आईआईआरएफ द्वारा कराये गये सर्वे में भी विद्यापीठ ने उदयपुर में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह सब समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की ही बदौलत हो पाया है। रजिस्ट्रार डॉण् हेमशंकर दाधीच ने कहा कि विद्यापीठ की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य दक्षिणी राजस्थान के श्रमजीवी और वंचित वर्ग को समुचित शिक्षा प्रदान करना है। कार्य के नोडल अधिकारी डॉण् चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि द अकेडमिक इनसाइट्स द्वारा महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों और किए जा रहे योगदानों को विभिन्न मापदंडों जैसे लक्ष्यए दूरदर्शिता पाठ्यक्रमों का स्तर शोध कार्यक्रम व परियोजनाएं सुविधाएंए आधारभूत स्वरुप अध्ययन के समय तरोताजा रहन कोविड 19 महामारी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए विवि की भविष्य की योजनाएं शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक गतिविधियाँ आदि का गहन परिक्षण कर सर्वश्रेष्ठ संस्थान और पाठ्यक्रम चुने जाते हैं। राजस्थान विद्यापीठ इन सभी मानकों में उत्कृष्ट पाया गया।

# मलंग शाह बाबा का उर्स सम्पन्न

**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल स्थित हज़रत अजमेरी बेग र.अ. उर्फ मलंग शाह बाबा (कौमी एकता व साम्प्रादायिक सौहार्द के प्रतीक) का 253वां उर्स गुरूवार को कुल की फातेहा के साथ सम्पन्न हुआ।

उर्स संयोजक अब्दुल लतीफ मंसूरी ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन आज बाद नमाजे.ज़ौहर कुरआनख्वानी हुई। इसके बाद नाआतख्वॉ पार्टीयो ने व नाअतख्वां ने नातिया व सूफियाना कलाम पेश किए। मेहमाने खुसूसी मुकर्रिर अल्हाज मौलाना सूफी निसार अहमद साहब, बासनी, नागौर, हाफ़ीजो क़ारी मुहम्मद रफीक मोहसिन (इंदौरी), खतिबो इमाम मक़बरा मस्जिद सूरजपोल ने खिताब फरमाते हुए अपनी तकरीरों में बुजुर्गान-ए-दीन की हयाते जिन्दगी और उनके कमालात पर रोशनी डाली गई। कुल की फातेहा शाम 5 बजे बाद नमाजे असर हुई। जिसमें देश दुनिया में फैली कोरोना बीमारी से निजात व मुल्क में अमन-चैन व आपसी भाईचारे की दुआएं की गई।

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं.1645 दिनांक: 20/01/2022

**लोक सूचना**

श्री वैभव श्रीमाली पिता श्री लोकेश श्रीमाली निवासी पंचरत्न काम्पलेक्स भीलवाड़ा रोड़ कांकरोली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | धोईन्दा | 3905/383 | रकबा 0.0282 हैक्टेयर, भूमि का वाणिज्यिक (पेट्रोल पम्प सीएनजी) प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20-1-22 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं.1639 दिनांक: 20/01/2022

**लोक सूचना**

श्रीमती मिनाक्षी श्रीमालीपत्नी श्री लोकेश श्रीमाली एवं श्री लोकेश श्रीमाली पिता स्व.श्री मनोहरलाल श्रीमाली निवासी पंचरत्न काम्पलेक्स भीलवाड़ा रोड़ काकरोली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | धोईन्दा | 3904/383 | रकबा 0.0281 हैक्टेयर, भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20-1-22 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त ,नगरपरिषद,राजसमन्द